# स्टेट एआई मिशन होगा लांच

- अनौपचारिक कैबिनेट में सीएम ने मंत्रियों को दी जानकारी
- प्रशासन में कसावट के साथ सुप्रबंधन लाने के प्रयास होंगे

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 23 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में सुशासन के जरिए नागरिक सेवाओं और सुविधाओं को और भी सिविक-फ्रेंडली बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं. इसके लिए नई-नई तकनीकों से जुड़कर प्रदेश में नवाचारों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है.**

उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आज के दौर का सर्वाधिक संभावनाशील सेक्टर है. शासन-प्रशासन व्यवस्था को पारदर्शी और जवाबदेही बढ़ाने के लिए सरकार भी आगे बढ़ रही है. अब इस दिशा में एआई की मदद ली जाएगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम बहुत जल्द मध्यप्रदेश का अपना स्टेट एआई मिशन लांच करने जा रहे हैं. यह एक लक्ष्य केंद्रित मिशन होगा. इस मिशन से शासन प्रणाली में कसावट और सुप्रबंधन लाने के प्रयास किए जाएंगे. उन्होंने बताया कि प्रदेश में सुशासन एवं विकास को नई गति देने और शासन व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं नागरिक-केंद्रित बनाने के उद्देश्य से इस मिशन को प्रारंभ किया जा रहा है. स्टेट एआई मिशन में कृषि, स्वास्थ्य, पोषण एवं आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संभावित जोखिमों की पूर्व पहचान संभव हो सकेगीस

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मंत्रालय में अनौपचारिक कैबिनेट के दौरान मंत्रियों से इस संबंध में जानकारी साझा की.



उन्होंने कहा कि मिशन को चरणबद्ध रूप से लागू किया जाएगा. वित्त वर्ष 2026-27 में एआई तकनीक के लिए ढांचागत विकास किया जाएगा. वर्तमान एआई पहलों को एकीकृत कर आधारभूत तैयारी सुदृढ़ की जाएगी. वित्त वर्ष 2027-28 में सफल यूज केसेस को विभिन्न विभागों में व्यापक स्तर पर लागू किया जाएगा तथा वित्त वर्ष 2028-29 से एआई को शासन की स्थायी संस्थागत क्षमता के रूप में विकसित किया जाएगा.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बीते शनिवार को जयपुर प्रवास के दौरान वहां निवेशकों से हुई मुलाकात का जिक्र करते हुए कहा कि निवेशकों ने मप्र के प्रति अगाध स्नेह और अपनत्व जताया. सरकार को वहां के निवेशकों से 5,055 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं. इनसे लगभग 3,530 रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जल संरक्षण को राष्ट्रीय अभियान के रूप में चलाया जा रहा है. मप्र में तीसरा जल गंगा संवर्धन अभियान गत 19 मार्च से प्रारंभ हो चुका है. बीते दो अभियानों को अच्छा प्रतिसाद मिला. तीसरे अभियान में करीब 2500 करोड़ रुपए से प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में कार्य कराए जाएंगे.

### निषादराज पंचायत का आयोजन होगा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान निषादराज ने भगवान श्रीराम को केवटराज से कहकर गंगाजी पार करवाने का पुण्य कार्य किया था. मछुआ और केवट समाज के सदस्यों को राज्य सरकार द्वारा मत्स्यपालन कार्य के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आवश्यक सुविधाएं दिलवाई जाएंगी. मुख्यमंत्री निवास में निषादराज समाज की पंचायत का आयोजन भी किया जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजा निषादराज जयंती पर कटनी और बलदेवगढ़ टीकमगढ़ में आयोजित कार्यक्रमों को मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस से संबोधित कर रहे थे.

## प्रदेश की माटी से 61 सिलेक्शन बदलते मध्यप्रदेश की तस्वीर

**यूपीएससी में चयनित उम्मीदवारों के सम्मान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा-**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी परीक्षा की सफलता में मप की बढ़ती उपस्थिति हम सबके लिए गौरव का विषय है. प्रदेश की माटी से 61 सिलेक्शन बदलते मध्यप्रदेश की तस्वीर हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यूपीएससी-2025 की परीक्षा में चयनित सभी उम्मीदवारों को बधाई देते हुए कहा कि यह आपके संकल्प और सामर्थ्य का सम्मान है. चयनित उम्मीदवार वर्ष-2047 के विकसित और आत्मनिर्भर भारत के शिल्पकार हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव संघ लोक सेवा आयोग 2025 में चयनित अभ्यर्थियों से संवाद और उनके सम्मान के लिए कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. चयनित उम्मीदवारों पर केंद्रित लघु फिल्म का इस अवसर पर प्रदर्शन भी किया गया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चयनित उम्मीदवारों को ट्रॉफी भेंट कर उनका सम्मान किया. मुख्यमंत्री ने 173वीं रैंक प्राप्त पूर्णत: दृष्टिहीनता की चुनौतियों से घिरे अक्षत बल्दवा की सराहना करते हुए कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो तो कोई भी शारीरिक अक्षमता सपनों के आड़े नहीं आ सकती.

### सोहागपुर और सिरोंज के अभ्यर्थियों का भी हुआ चयन

अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन ने कहा कि सिविल सेवा परीक्षा में इस वर्ष देशभर से कुल 958 अभ्यर्थी चयनित हुए. इनमें मप्र के 61 प्रतियोगी शामिल हैं. देश की प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता अर्जित करने वाले हमारे 22 अभ्यर्थी ऐसे हैं, जिन्होंने शासकीय स्कूल - कॉलेज से पढ़ाई की है. प्रदेश के सोहागपुर और सिरोंज जैसे छोटे शहरों से आने वाले अभ्यर्थियों का भी चयन हुआ है.

## सच्चा वादा और पक्का काम, सही सरकार का संकल्प

- सीएम निवास में अभिनंदन समारोह में यादव ने कहा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसान हमारी धरोहर हैं. ये अन्नदाता ही देश के भाग्य विधाता हैं. सरकार प्रदेश के किसानों की समृद्धि के लिए कृत संकल्पित है. अन्नदाताओं को मजबूत करने के लिए ही हम 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मना रहे हैं. किसानों की आय बढ़ाने के लिए फसल उत्पादन के साथ गौपालन, पशुपालन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी एवं कृषि आधारित उद्योगों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है. मुख्यमंत्री ने कहा कि सच्चा वादा और पक्का काम, यही सरकार का संकल्प है.मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मुख्यमंत्री निवास में किसानों द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे. आगर-मालवा जिले के लिए 167.21 करोड़ रुपए लागत की आहू मध्यम सिंचाई परियोजना और 24.88 करोड़ रुपए की लागत से हड़ाई तालाब निर्माण को मंजूरी दी गई.

# 13 क्विंटल मादक पदार्थ जब्त, 3 गिरफ्तार

**विशेष संवाददाता**
**भोपाल, 23 मार्च. मध्यप्रदेश पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज करते हुए आगर मालवा और मंदसौर जिलों में संयुक्त अभियानों के दौरान 13 क्विंटल से अधिक नशीला पदार्थ जब्त किया है.इस कार्रवाई में करीब 1.72 करोड़ रुपये की संपत्ति भी बरामद की गई है और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है.**



आगर मालवा में पुलिस ने आगर-सारंगपुर मार्ग पर गणेश घाटी के पास एक कंटेनर ट्रक को रोककर तलाशी ली. जांच के दौरान 31 बोरियों में छिपाकर रखा गया 613.6 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद हुआ. इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है. साथ ही वाहन, मोबाइल फोन, नकदी और दस्तावेज सहित 1.53 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की गई.

वहीं मंदसौर जिले के सीतामऊ क्षेत्र में मनपुरा गांव के पास एक बोलेरो पिकअप वाहन की तलाशी में 7.22 क्विंटल मादक पदार्थ बरामद हुआ. इस कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा वाहन और मोबाइल फोन सहित करीब 19 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई. दोनों मामलों में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है.पुलिस अब इस तस्करी से जुड़े नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है.

## ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर लगाए रेडियम स्टीकर

**बैरसिया.** बैरसिया मंडी प्रांगण में सोमावर को एक सराहनीय पहल देखने को मिली. यहां क्षेत्रीय विधायक विष्णु खत्री ने किसानों के साथ संवाद करते हुए सड़क हादसों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान की शुरुआत की. इस दौरान ट्रैक्टर-ट्रालियों पर रेडियम स्टीकर लगाए गए और लाल पुताई कर सांकेतिक चिन्ह बनाए गए, ताकि रात में भी वाहन स्पष्ट रूप से दिखाई दे सकें विधायक खत्री सड़क सुरक्षा सप्ताह के शुभारंभ पर कहा कि भविष्य में होने वाले हादसों को रोकना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है. इस अवसर पर जिला ग्रामीण अध्यक्ष तीरथ सिंह मीणा, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुबेर सिंह गुर्जर सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे.



## भाजपा की राजनीति है सेवा का संकल्प : राजो

- मंडीदीप में भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न

**मंडीदीप, 23 मार्च. भाजपा नगर मंडल मंडीदीप द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन किया गया.**

प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल , पूर्व जिला उपाध्यक्ष अरविंद जैन, जीवन सिंह पाल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष बद्री सिंह चौहान, पूर्णिमा जैन, जिला मंत्री प्रार्थना चौहान, नगर पालिका उपाध्यक्ष पुष्पा प्रेम शंकर साहू ने दीप प्रज्वलित कर किया.

प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेश की प्रदेश मंत्री तथा रायसेन जिले की प्रभारी राजो मालवीय ने कहा कि जब कार्यकर्ता सशक्त होता है, तब संगठन अजेय बनता है और जब संगठन अजेय होता है, तब राष्ट्र प्रगति के शिखर पर पहुंचता है. उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों को संगठन की आत्मा बताते हुए कहा कि भाजपा की राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण का संकल्प है.

जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा की यह प्रशिक्षण वर्ग केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि संगठन को नई दिशा, नई सोच और नई गति देने का सशक्त माध्यम साबित हुआ. संचालन मंडल महामंत्री अमित जैन ने किया. इस अवसर पर जिला महामंत्री दीपेंद्र पाल, मंडल उपाध्यक्ष रामनिवास पाल, बीकेश सिंह, संजय त्रिपाठी, अमर सिंह पाल, जयपाल राजपूत मौजूद थे.

# मदिरा दुकानों से 19 952 करोड़ मिलेंगे

## उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने आबकारी व्यवस्था 2026-27 की समीक्षा की

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 23 मार्च. उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने सोमवार को मंत्रालय में आबकारी व्यवस्था वर्ष 26-27 की समीक्षा की.**

वर्ष 2026-2027 के लिए मदिरा दुकानों के वर्ष 2025-26 के वार्षिक मूल्य में आबकारी नीति अनुसार 20 प्रतिशत वृद्धि की जाकर वर्ष 2026-27 के लिए आरक्षित मूल्य का निर्धारण किया गया है. वर्ष 2026-27 के लिये मदिरा दुकानों से सरकार को 19 हजार 952 करोड़ की प्राप्ति होगी. अब तक कुल 6 चरणों में हुए मदिरा दुकानों के निष्पादन से 11 हजार 827 का राजस्व सुनिश्चित हुआ है, जो कि वर्ष 2025-26 वार्षिक मूल्य से 30 प्रतिशत अधिक है. अब तक उमरिया, सीधी, शहडोल, मडला, डिण्डोरी, खरगौन, आदि जिले सौ प्रतिशत राजस्व निष्पादित हो चुके हैं. कम राजस्व वसूली वाले जिले क्रमश: इन्दौर 78 प्रतिशत, ग्वालियर 79 प्रतिशत, धार 76 प्रतिशत राजस्व प्राप्त किया जा चुका है.

## आचार्य भरतमुनि प्रसंग दमोह में 26 मार्च को

**भोपाल.** संस्कृति विभाग अंतर्गत उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी द्वारा नाट्यशास्त्र के रचयिता आचार्य भरतमुनि की स्मृति में 'आचार्य भरतमुनि प्रसंग' का आयोजन किया जा रहा है. मानस भवन, दमोह में 26 मार्च, को आयोजित होने जा रहे इस समारोह में गायन, वादन एवं नृत्य की प्रस्तुतियां देश के कलाकारों द्वारा दी जायेंगी.

## भगत सिंह की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**मंडीदीप, 22 मार्च. शहीद दिवस पर सामाजिक संस्था सेवा समिति के तत्वावधान में वीर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की शहादत को याद करते हुए श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया.**

कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया. सेवा समिति के उपाध्यक्ष दीपक




सराठे ने कहा कि शहीद भगत सिंह का बलिदान केवल इतिहास नहीं, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है. कार्यक्रम में अंकित चौरे, राजकुमार चौहान, अंशुल जैन, अमन पात्रे उपस्थित थे.

## सीएस की अध्यक्षता में गठित समिति में आंशिक संशोधन

**भोपाल, 23 मार्च.** राज्य शासन द्वारा मुख्य खनिज के नीलाम खनिज ब्लाक में स्वीकृति एवं अनुबंध निष्पादन के लिए आवश्यक विभिन्न अनुमतियां नियत समयावधि में प्राप्त किये जाने एवं नीलाम खनिज ब्लॉक के शीघ्र प्रारम्भ की समीक्षा के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति में आंशिक संशोधन किया गया है. सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार संयुक्त सचिव, खान मंत्रालय भारत सरकार को सदस्य के रूप मे नामांकित किया गया है.

# बेरोजगार युवाओं से व्यापक संवाद की मांग

**विशेष संवाददाता**
**भोपाल, 23 मार्च. मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य नेतृत्व से अपील की है कि वह केवल संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा में सफल हुए युवाओं तक संवाद सीमित न रखे, बल्कि बेरोजगार युवाओं तक भी अपनी पहुंच बढ़ाए.**

उन्होंने कहा कि सफल अभ्यर्थियों से संवाद करना निश्चित रूप से सराहनीय और गर्व का विषय है, लेकिन राज्य सरकार को उन लाखों बेरोजगार युवाओं की समस्याओं को



नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, जो अनिश्चित भविष्य और बार-बार की असफलताओं से जूझ रहे हैं. पटवारी ने यूपीएससी में चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि एक बड़ा वर्ग आज भी रोजगार के अभाव से परेशान है. मुख्य मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि प्रदेश के रोजगार कार्यालयों में 30 लाख से अधिक युवा पंजीकृत हैं. मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग तथा अन्य भर्ती एजेंसियों द्वारा आयोजित परीक्षाएं वर्षों से लंबित हैं. उन्होंने कहा कि बार-बार पेपर लीक और भर्ती अनियमितताओं के आरोपों ने अभ्यर्थियों का भरोसा कमजोर किया है. उन्होंने यह भी कहा कि हजारों शासकीय पद अभी भी रिक्त हैं, जबकि हर वर्ष लाखों उम्मीदवार परीक्षाओं में शामिल होते हैं, लेकिन चयन दर एक प्रतिशत से भी कम रहती है.

सरकार के रवैये पर सवाल उठाते हुए पटवारी ने पूछा कि क्या ये संघर्षरत युवा सम्मान और संवाद के पात्र नहीं हैं. उन्होंने सरकार से उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनने और सार्थक संवाद स्थापित करने का आग्रह किया. इसके साथ ही उन्होंने पेपर लीक मामलों में सख्त और समयबद्ध कार्रवाई, सभी लंबित भर्तियों का स्पष्ट कैलेंडर जारी करने तथा रिक्त पदों को भरने के लिए निश्चित समय-सीमा तय करने की मांग की.

## रामनवमी पर निकलेगी शोभायात्रा

**मंडीदीप, 22 मार्च.** मंडीदीप में 27 मार्च को श्री राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शोभायात्रा निकाली जाएगी. यह यात्रा राम जानकी मंदिर, पिपलिया गज्जू रोड से दोपहर 3 बजे शुरू होकर स्टेशन रोड एवं नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए दुर्गा चौक श्री राम मंदिर पर समाप्त होगी. शोभायात्रा में सोहागपुर पिपरिया के प्रसिद्ध मूर्तिकार द्वारा निर्मित प्रभु श्री राम जी एवं हनुमान जी की प्रतिमाएं शामिल होंगी.


### नाम परिवर्तन

**मैं** आशी चावला इस पत्र के माध्यम से सूचित करती हूं कि मेरा नाम पहले आशी था जो परिवर्तित होकर आशी चावला हो गया है. अत: मुझे इसी नाम से जाना जाए. निवास स्थान- 101 नीलिमा हाऊस, अप्सरा टाकीज के पास, गोविंद गार्डन, भोपाल- 462023 म.प्र.

### खोया-पाया

**मेरा** नाम योगिता (श्रीराम)कुमरे है मैं बालाघाट मध्यप्रदेश की निवासी हूँ. वर्तमान में अशोका गार्डन (भोपाल) में रहती हूं. रूम शिफ्टिंग के दौरान मेरी बी.एस.सी. नर्सिंग की मार्कशीट्स और रजिस्ट्रेशन गुम हो गए हैं. कृपा जिसे मिले मुझे संपर्क करें नंबर है-
+91 7987265462

### खोया-पाया


**मेरा** नाम ज्योत्सना ( विल्सन) कलेत है मैं बालाघाट मध्यप्रदेश की निवासी हूँ. वर्तमान में अशोका गार्डन (भोपाल) में रहती हूं. रूम शिफ्टिंग के दौरान मेरी बी.एस.सी. नर्सिंग की मार्कशीट्स और रजिस्ट्रेशन गुम हो गए हैं. कृपा जिसे मिले मुझे संपर्क करें नंबर है-
+91 7987265462


# ओरछा परियोजना में भ्रष्टाचार के आरोप

**विशेष संवाददाता**
**भोपाल, 23 मार्च. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने ओरछा स्थित रामराजा मंदिर में प्रस्तावित 'रामराजा लोक' परियोजना में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है.**

नायक ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यकाल में शुरू की गई 'महालोक' परियोजनाओं का उद्देश्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देना था, लेकिन अब ये परियोजनाएं भ्रष्टाचार का माध्यम बनती नजर आ रही हैं.

मंदिर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि ओरछा का रामराजा मंदिर आस्था का अद्वितीय केंद्र है, जहां भगवान राम को राजा के रूप में पूजा जाता है और प्रतिदिन उन्हें शासकीय सलामी दी जाती है. यहां हर वर्ष लाखों



श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि लगभग 339 करोड़ रुपये की इस परियोजना में लागत को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया गया है. बाजार में करीब 52 रुपये प्रति वर्गफुट मिलने वाला बलुआ पत्थर 335 रुपये प्रति वर्गफुट की दर से खरीदा जा रहा है, जो पांच से छह गुना अधिक है.

नायक ने यह भी आरोप लगाया कि अधिकारियों ने लोक निर्माण विभाग के मानकों को दरकिनार कर अलग दर सूची तैयार की, जिससे अनियमितताएं हुईं. अवैध खनन और पूर्व लेखा आपत्तियों का हवाला देते हुए उन्होंने निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है.


**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN COMPANY LTD.**
(A Govt. of M. P. Undertaking)
Office of The Dy. General Manager (O&M) Division Harda (North)
Phone No. 07577-222222, E-mail : hdampeb@gmail.com
No.:/DGM/PUR/9307 Harda, Dated : 18.03.2026

**OFFER FOR HIRING VEHICLE**

MPMKVVCL hereby invited offer/rate for hiring the below mentioned type of vehicle in the following Locations.

| Name of Unit/ Office | Particulars | EMD (In Rs.) | Due Date of Submission of Offer | Opening Date & Time |
|---|---|---|---|---|
| Office of The-Harda South DC under Harda North, division | Regarding Hire of 01 number vehicle Type F3 :- Mini Pickup Double Cabin with ladder/ any low end SUV half open from backside for carriage of man, materials, ladder, etc or Equivalent. (As per Vehicle Policy). | 3000/- | 30.03.2026 Up to 12.00 P.M. | 30.03.2026 at 04.00 P.M. |

Other details, terms and conditions are available on Company website **https://portal.mpcz.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/125021/2026 **DGM (O&M)**

खान मंत्रालय
MINISTRY OF MINES
नामनिर्दिष्ट अधिकारी, खान मंत्रालय, भारत सरकार
जीपीओए-3, नेताजी नगर, नई दिल्ली-110023, 011-26773606

**'महत्वपूर्ण और सामरिक खनिजों के लिए खनिज रियायत प्रदान करने हेतु सातवीं श्रृंखला के लिए बोलियों का आमंत्रण'**

खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 11 (घ) द्वारा, इस अधिनियम की प्रथम अनुसूची के भाग घ में विनिर्दिष्ट खनिजों के लिए खनिज रियायत प्रदान करने हेतु, केन्द्र सरकार को प्रदत्त नीलामी करने की शक्ति का प्रयोग करते हुए और इसके अंतर्गत अधिसूचित समय-समय पर यथा संशोधित खनिज (नीलामी) नियम, 2015 के अनुसरण में, भारत सरकार ने खान मंत्रालय के पदनामित अधिकारी को महत्वपूर्ण और सामरिक खनिजों की नीलामी की सातवीं श्रृंखला में 19 ब्लॉकों की नीलामी करने का निर्देश दिया है. निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी) एमएसटीसी ई-नीलामी पोर्टल और खान मंत्रालय की वेबसाइट पर प्रकाशित की गई है. निविदा दस्तावेज की बिक्री सोमवार, 30 मार्च, 2026 से शुरू होगी. निविदा दस्तावेज और अन्य विवरण (https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/micin/) पर देखे जा सकते हैं.
**सीबीसी-26101/11/0009/2526**

NOTICE INVITING TENDER (NIT)
**कार्यालय, पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय), नगरीय पुलिस, भोपाल म.प्र.**
क्रमांक :- पुलिस उपायुक्त/मुख्यालय/रिकार्ड/136ए/2026 भोपाल, दिनांक 18/3/2026

**द्वितीय निविदा सूचना**

पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय), नगरीय पुलिस भोपाल के कार्यालय हेतु निम्नानुसार व्ही.सी. सिस्टम एवं सह उपकरणों की आवश्यकता होने से क्रय हेतु उपकरणों के दर प्राप्त किए जाने हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं :-

| S.N. | NAME ITEMS | ITEMS APPROX | TENDER FEE | EMD PAID ONLINE (mptenders.gov.in) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | POINT TO POINT VIDEO CONFERENCING SYSTEM | ACCORDING TO REQUIREMENT & BUDGET AVALIABLE | 2000/- | 50,000/- |
| 2. | PROJECTOR | | | |
| 3. | 21 INCH TOUCH MONITOR | | | |
| 4. | HOST USB-C & USB-A 3.0 100 M EXTENDER OVER HDBaseT | | | |
| 5. | HDMI 40 M EXTENDER OVER ETHEMET | | | |
| 6. | 4K 4X4 HDMI MATRIX SWITCHER | | | |

NOTE:- SPECIFICATION OF ITEMS ATTACHED WITH TENDER DOCUMENT
1. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर जमा किए जाएंगे.
2. निविदा शुल्क ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य है.
3. मध्यप्रदेश पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है.
4. समय सारणी :-

| क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रकाशन दिनांक | 19/3/2026 | 11.00 |
| 2. | निविदा प्रपत्र डाउनलोड दिनांक | 19/3/2026 | 11.00 |
| 3. | निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक | 19/3/2026 | 11.00 |
| 4. | निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 25/3/2026 | 17.00 |
| 5. | निविदा खोलने की दिनांक | 26/3/2026 | 17.00 |

G27793/25
पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय)
नगरीय पुलिस, भोपाल